पं.सुं.श. केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान,
श्यामला हिल, भोपाल – 462002

फा. क्रं.7–23/Vol.VII/2023 दिनांक : 10/09/2024

परिपत्र

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, हिन्दी प्रकोष्ठ, नई दिल्ली के पत्र क्रमांक फा.सं. 2–7/2024–25/हि.प्र. दिनांक 28/08/2024 के संदर्भ में पं.सुं.श. केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान, भोपाल में हिन्दी पखवाड़ा दिनांक 13 सितम्बर, 2024 से 27 सितम्बर, 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रशासनिक कार्य में राजभाषा हिन्दी के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उसके अधिकारिक उपयोग को प्रोत्साहित करना है। इसके अंतर्गत निम्नलिखित प्रतियोगिताएँ आयोजित की जायेगी:–

1. हिन्दी निबंध प्रतियोगिता – अकादमिक वर्ग
2. हिन्दी निबंध प्रतियोगिता – प्रशासनिक वर्ग
3. हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण – प्रशासनिक वर्ग
4. हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता – अकादमिक वर्ग
5. हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता – प्रशासनिक वर्ग
6. हिन्दी पत्र लेखन – हिन्दीतर (अहिन्दी) भाषी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिये जिन्होंने दसवीं कक्षा स्तर तक हिन्दी को एक विषय/भाषा के रूप में नही पढ़ा हो।
   (कन्नड़, मलयालम, तमिल, तेलगु, मणिपुरी, मिजो, मराठी, सिंधी, गुजराती, मैथिली, संथाली, बोडो, डोंगरी, नेपाली, बंगला, असमिया, उडिया, उर्दू, कश्मीरी, पंजाबी एवं पश्तों)
7. हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता – हिन्दीतर (अहिन्दी) भाषी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिये जिन्होंने दसवीं कक्षा स्तर तक हिन्दी को एक विषय/भाषा के रूप में नही पढ़ा हो।
   (कन्नड़, मलयालम, तमिल, तेलगु, मणिपुरी, मिजो, मराठी, सिंधी, गुजराती, मैथिली, संथाली, बोडो, डोंगरी, नेपाली, बंगला, असमिया, उडिया, उर्दू, कश्मीरी, पंजाबी एवं पश्तों)
8. हिन्दी प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिता – समस्त अधिकारी/कर्मचारियों (संयुक्त रूप से)
9. हिन्दी कविता प्रतियोगिता – प्रशासनिक/अकादमिक वर्ग

प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों द्वारा अपना **नामांकन पत्र आवश्यक रूप से दिनांक 13 सितम्बर, 2024 सायं 05.00 बजे तक श्री राजू बोरकर, अनुभाग अधिकारी/श्रीमती संगीता सोरते, कम्प्यूटर ऑपरेटर को स्थापना विभाग में जमा करायें।** समय–सीमा के उपरांत प्राप्त नामांकन पत्र मान्य नहीं किया जायेगा। प्रत्येक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये अलग–अलग आवेदन भरने होंगे।

समस्त विभागाध्यक्ष/प्रभारी अनुभाग से अनुरोध हैं कि इस परिपत्र से सभी नियमित अधिकारियों/कर्मचारियों को अवगत कराएं तथा अधिक प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करें।

ललित
अवर सचिव

प्रतिलिपिः 1. सभी अधिकारी/कर्मचारी
2. संयुक्त निदेशक के निजी सचिव
3. सूचना पटल